**बिहार सरकार**
**श्रम संसाधन विभाग**

**बाल श्रम विषय पर लघु फिल्म बनवाने हेतु अल्प अवधि कोटेशन सूचना**

**ज्ञाप संख्या–01/IML–102/2022, श्र०सं०–** **पटना, दिनांक–**

श्रम संसाधन विभाग (श्रम पक्ष), बिहार, पटना द्वारा बाल श्रम विषय पर लघु फिल्म बनवाया जाना है। लघु फिल्म निर्माण कराने के संबंध में स्थानीय क्रय समिति द्वारा कोटेशन आमंत्रित करने की अनुशंसा की गई है। लघु फिल्म के निर्माण कराये जाने हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। संबंधित फिल्म 01 मिनट की होगी, जो Docudrama (Full HD) फॉर्मेट रहेगा। फिल्म का निर्माण कर कार्य स्थल पर पहुँचाने का कार्य सम्पादन करने हेतु इच्छुक कोटेशनदाताओं से कोटेशन आमंत्रित की जाती है। कोटेशन केवल निबंधित/रजिस्टर्ड डाक एवं हाथों–हाथ श्रमायुक्त, बिहार के कार्यालय के प्राप्ति पटल पर दिनांक 06.03.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक–12.03.2025 के अपराह्न 4:00 बजे तक स्वीकार किये जाएंगे। पुस्तिका का स्वरूप निम्नवत् होगा :–

नोट :–

1. इसमें सभी प्रकार का निर्णय लेने का अधिकार श्रमायुक्त, बिहार के पास सुरक्षित होगा।
2. फिल्म की अवधि कम या अधिक होने पर मूल्य में कमी या वृद्धि हो सकती है। इस संबंध में कोई भी अन्य जानकारी श्री संजय कुमार झा, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी के मोबाईल संख्या–9576758656 पर उक्त अवधि में दिनांक–06.03.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक–12.03.2025 के अपराह्न 4:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।
3. कोटेशन के साथ निम्न अभिलेख भी उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है :–

(क) विगत 01 वर्ष का आयकर रिटर्न संबंधी अभिलेख
(ख) जी०एस०टी० पंजीकरण से संबंधित अभिलेख
(ग) कार्यादेश निर्गत होने के 03 दिनों के अंदर शुद्धता की जाँच हेतु फिल्म की कॉपी उपलब्ध कराते हुए कार्यादेश निर्गत तिथि के 07 दिनों के भीतर श्रमायुक्त, बिहार के कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।

ह०/–
(राजेश कुमार)
उप श्रमायुक्त मुख्यालय

ज्ञाप संख्या–01/IML–102/2022, श्र०सं०– 1161 पटना, दिनांक– 05/03/2025

प्रतिलिपिः–आई०टी० मैनेजर, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को कोटेशन प्राप्त करने संबंधी उपर्युक्त सूचना विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05-03-2025

उप श्रमायुक्त मुख्यालय